राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान

निफ्ट दिल्ली परिसर

राजभाषा अनुभाग

सं. 2300(207)/निफ्ट/दि.प/प्रशा/रा.भा.पुरस्कार/2019 दिनांक: 24 नवम्बर 2022

परिपत्र/Circular

विषय: निफ्ट दिल्ली परिसर में मूल कार्य हिन्दी में करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के संदर्भ में।

निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त पत्रांक संख्या 1200(49)/हिन्दी प्रोत्साहन योजना/2018/86, दिनांक: 9 अप्रैल 2018 का संज्ञान लेते हुए जो सरकारी कामकाज (टिप्पण-आलेखन) मूल रूप से हिन्दी में करने पर प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार राशि का वितरण करने के संदर्भ में है। आप सभी के सूचनार्थ यह परिपत्र जारी किया जा रहा है। निफ्ट दिल्ली परिसर के जिन भी अधिकारियों/कर्मचारियों ने वित्तीय वर्ष **अप्रैल 2021-मार्च 2022** के दौरान न्यूनतम 20,000/- शब्दों में अपना कार्य राजभाषा हिन्दी में किया है, वे सत्यापन हेतु उचित दस्तावेज़ 05-दिसम्बर-22 तक राजभाषा अनुभाग को जमा कराएँ। विहित प्रपत्र की प्रति संलग्न है।

प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार राशि की दरें:

पहला पुरस्कार (2 पुरस्कार) : ₹5000/- प्रत्येक

द्वितीय पुरस्कार (3 पुरस्कार) : ₹3000/- प्रत्येक

तृतीय पुरस्कार (5 पुरस्कार) : ₹2000/- प्रत्येक

उपरोक्त के संदर्भ में दस्तावेज़ो की जांच हेतु चयन समिति का गठन किया गया है, जो जांच के पश्चात चयनित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

(रिचा खर्कवाल)

कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी